| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व ता... अहकाम जो ... हुक्म की ता... में जारी ... |
|---|---|---|
| | 8-12-15 पत्रावली पेश हुई/वकील ~~वादी/प्रतिवादी/ अपीलार्थी/रेस्पोन्डेन्ट/प्रार्थी/अप्रार्थी/~~उभयपक्ष उपस्थित हैं/~~अनुपस्थित है।~~ श्रीमान् पीठासीन अधिकारी भ्रमण पर है/~~अवकाश पर हैं/अन्य कार्यों में व्यस्त हैं/का स्थानांतरण हो गया है।~~ अत: पत्रावली पूर्वानुसार दिनांक 19-1-16 को पेश हो। <br> रीडर | |
| 19-1-16 | वकील उभयपक्ष उप० है। वास्ते विभाजन स्कीम पत्रा० दि० 23-2-16 को पेश हो। | |
| | 23-2-16 पत्रावली पेश हुई/वकील ~~वादी/प्रतिवादी/ अपीलार्थी/रेस्पोन्डेन्ट/प्रार्थी/अप्रार्थी/~~उभयपक्ष उपस्थित हैं/~~अनुपस्थित है।~~ श्रीमान् पीठासीन अधिकारी भ्रमण पर है/~~अवकाश पर हैं/अन्य कार्यों में व्यस्त हैं/का स्थानांतरण हो गया है।~~ अत: पत्रावली पूर्वानुसार दिनांक 12-3-16 को पेश हो। <br> रीडर | |
| 12-3-16 <br> [illegible] 11/3/16 | वकील उभयपक्ष उपस्थित है। नायब तहसीलदार तलावडा के यहां से विभाजन स्कीम प्राप्त हो चुकी है। विभाजन स्कीम से वादी के वकील सहमत हैं। अत: नायब तहसीलदार तलावडा के यहां से प्राप्त विभाजन स्कीम के अनुसार पक्षकारों के मध्य भूमि का विभाजन किया जाता है। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखा जाकर पत्रावली मे शामिल किया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। <br><br> (रवि कुमार शर्मा) एडवोकेट सदस्य लोक अदालत गंगापुर सिटी <br> (गोरधनलाल शर्मा) सेवानिवृत तहसीलदार सदस्य लोक अदालत गंगापुर सिटी <br> (मुनिदेव यादव) अध्यक्ष लोक अदालत गंगापुर सिटी एवं उप जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी | |

**निर्णय न्यायालय श्री मुनिदेव यादव, आर0ए0एस0, उप जिला कलेक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट, गंगापुर सिटी (जिला सवाईमाधोपुर)**

| मुकदमा नम्बर | तारीख रजू | तारीख निर्णय |
|---|---|---|
| 18/2015 | 10.06.2014 | 12.03.2016 |

पन्ना पुत्र बरदा, गुर्जर निवासी कुनकटाकलां तहसील गंगापुरसिटी ——वादी

**बनाम**

1. बदरी पुत्र गिर्राज, गुर्जर निवासी कुनकटाकलां तहसील गंगापुरसिटी
2. मीठया पुत्र काडया, गुर्जर निवासी कुनकटाकलां तहसील गंगापुरसिटी
3. ब्रह्मसिंह पुत्र रामस्वरूप, गुर्जर निवासी कुनकटाकलां तहसील गंगापुरसिटी
4. सुरज्या पुत्र भौर्या, गुर्जर निवासी कुनकटाकलां तहसील गंगापुरसिटी
5. राजू पुत्र भौर्या, गुर्जर निवासी कुनकटाकलां तहसील गंगापुरसिटी
6. मैनेजर, पंजाब नेशनल बैंक शाखा गंगापुर सिटी
7. लैण्ड होल्डर तहसीलदार गंगापुर सिटी ——प्रतिवादीगण

**दावा विभाजन एवं स्थाई निषेधाज्ञा**

उपस्थितः— श्री रामदयाल त्रिवेदी, एडवोकेट, वादी की ओर से
श्री दामोदरलाल गर्ग, एडवोकेट, प्रतिवादी नं0 6 की ओर से

**निर्णय**

वादी ने वादपत्र इस आशय का पेश किया है कि वादी तथा प्रतिवादी सं0 1 व 2, 4 व 5 एवं प्रतिवादी सं0 3 के मृतक पिता रामस्वरूप पुत्र चन्द्रा की संयुक्त खातेदारी की भूमि ख0नं0 227 रकबा 87 एयर, 272रकबा 77 एयर कुल रकबा 1.64 हैक्टर ग्राम भांवता में स्थित है। इस भूमि में वादी का 1/2 हिस्सा, प्रतिवादी सं0 1 बदरी का 1/8 हिस्सा, प्रतिवादी सं02 मीठया का 1/8 हिस्सा, प्रतिवादी सं0 4, 5 का 1/8 हिस्सा तथा प्रतिवादी सं0 3 ब्रह्मसिंह के पिता रामस्वरूप का 1/8 हिस्सा मुताबिक जमाबंदी सं0 2068—71 दर्ज है। रामस्वरूप का कुछ समय पूर्व देहावसान हो चुका है। रामस्वरूप की पत्नि का पूर्व में ही देहावसान हो चुका है। रामस्वरूप का एकमात्र पुत्र प्रतिवादी नं0 3 ही है । इसके नाम अभी नामान्तरकरण नहीं खुला है परन्तु यह अपने पिता की भूमि पर काबिज है। भूमि ख0नं0 227, 272 को मौके पर खातेदारों ने अन्दाजे से बांट रखी है इसलिए भूमि काश्त करते समय विवाद होता है । खेती करने में भी समस्या आती है। वादी ने दिनांक 31.5.2014 को प्रतिवादीगण से तहसीलदार जी गंगापुर सिटी के यहां चलकर भूमि का सहमति से विभाजन कराने को कहा परन्तु प्रतिवादी सं0 1 लगायत 5 राजी नहीं हुए । प्रतिवादी सं0 3 ब्रह्मसिंह के पिता रामस्वरूप ने भूमि प्रतिवादी सं0 6 के यहां रहन रखी हुई है। अतः दावा पेश कर निवेदन है कि भूमि ख0नं0 227 रकबा 87 एयर, 272 रकबा 77 एयर ग्राम भांवता का मीट्स एण्ड बाउण्ड्स से विभाजन कर वादी को कुल भूमि में से आधा हिस्सा दिलाया जावे, भूमि राजस्व रिकार्ड में वादी के नाम दर्ज की जावे व लगान का अलग से निर्धारण किया जावे।

दावा दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को तलब किया गया । प्रतिवादी संख्या 1, 2, 3, 4, 5, 7 बाबजूद सूचना हाजिर नहीं हुए अतः इनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही की गई।

प्रतिवादी नं0 6 ने अपने जबाब दावे में अंकित किया है कि उपरोक्त

हिस्सा 1/8 को बैंक के यहां रहन रखा है एवं ऋण लिया है जो अभी बकाया है। इस ऋण की अदायगी जब तक बैंक को नहीं हो जाती है एवं बैंक रहन नहीं हटता है तब तक यह दावा चलने योग्य नहीं है। अतः जबाब पेश कर निवेदन है कि दावा वादी विरूद्ध प्रतिवादी पंजाब नेशनल बैंक मय खर्चा खारिज फरमाया जावे।

वादपत्र के समर्थन में वादी ने नकल जमाबंदी सं0 2068 से 2071, नकल नक्शा ट्रेस पेश किए हैं।

वादी का वाद दिनांक 3.11.2015 को प्राथमिक डिक्री किया जाकर नायब तहसीलदार तलावडा से विभाजन स्कीम मंगवाई गई। नायब तहसीलदार तलावडा से विभाजन स्कीम प्राप्त होकर पत्रावली में शामिल है।

पत्रावली लोक अदालत में पेश हुई। विभाजन स्कीम पर उभयपक्षकारों के विद्धान वकीलों को सुना गया। उभयपक्षकारों विद्धान वकीलों ने नायब तहसीलदार तलावडा के यहां से प्राप्त विभाजन स्कीम के अनुसार पक्षकारों के मध्य भूमि का विभाजन करने का अनुरोध किया है।

## आदेश

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाता है। नायब तहसीलदार तलावडा से प्राप्त विभाजन स्कीम के अनुसार पक्षकारों के मध्य निम्नप्रकार भूमि का विभाजन किया जाता है:—

1. परमा पुत्र बरधा, गुर्जर, कुनकटाकला की खातेदारी में भूमि ख0नं0 227/1 रकबा 0.82 हैक्टर ग्राम भांवता रहेगी ।
2. ब्रह्मसिंह पुत्र रामस्वरूप, गुर्जर, कुनकटाकलां राहिन इलाहबाद बैंक शाखा गंगापुर सिटी मुर्तहन की खातेदारी में भूमि ख0नं0 272/1 रकबा 0.20 हैक्टर ग्राम भांवता रहेगी ।
3. बदरी पुत्र गिर्राज, गुर्जर, कुनकटाकलां की खातेदारी में भूमि ख0नं0 227/2 रकबा 0.05 हैक्टर, ख0नं0 272/2 रकबा 0.16 हैक्टर कुल रकबा 0.21 हैक्टर गाम भांवता रहेगी।
4. मीठया पुत्र काडया, गुर्जर, कुनकटाकलां की खातेदारी में भूमि ख0नं0 272/3 रकबा 0.21 हैक्टर ग्राम भांवता रहेगी ।
5. सुरज्या, राजू पिता भोरया, गुर्जर, कुनकटाकलां की खातेदारी में भूमि ख0नं0 272/4 रकबा 0.20 हैक्टर ग्राम भांवता रहेगी।

उपरोक्तानुसार पक्षकारों के नाम भूमि की खातेदारी दर्ज की जाकर पृथक पृथक खाते एवं पृथक पृथक लगान कायम किया जावे। इसी अनुसार राजस्व अभिलेख एवं नक्शा ट्रेस में इन्द्राज दुरूस्ती की जावे। विभाजन स्कीम निर्णय का हिस्सा रहेगी। पर्चा डिक्री जारी किया जावे।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 12.03.2016 को खुले न्यायालय में सुनाया गया ।

( मुनिदेव यादव )
उप जिला कलेक्टर
गंगापुर सिटी

Judi/Civil
Part IV-10

# डिकरी व मुकद्दमे इब्तदाई
(ऑर्डर 20, रूल 6–जाब्ता दीवानी)
(Civil Proceede Code, Appendix D-1)

अज अदालत उप जिला कलेक्टर मुकाम गंगापुर सिटी
इजलास मुनिदेव यादव, आर0ए0एस0

उनवान

परमा पुत्र बरदा, गुर्जर निवासी कुनकटाकलां तहसील गंगापुरसिटी —वादी

बनाम

1. बदरी पुत्र गिर्राज, गुर्जर निवासी कुनकटाकलां तहसील गंगापुरसिटी
2. मीठया पुत्र काडया, गुर्जर निवासी कुनकटाकलां तहसील गंगापुरसिटी
3. ब्रह्मसिंह पुत्र रामस्वरूप, गुर्जर निवासी कुनकटाकलां तहसील गंगापुरसिटी
4. सुरज्या पुत्र भौर्या, गुर्जर निवासी कुनकटाकलां तहसील गंगापुरसिटी
5. राजू पुत्र भौर्या, गुर्जर निवासी कुनकटाकलां तहसील गंगापुरसिटी
6. मैनेजर, पंजाब नेशनल बैंक शाखा गंगापुर सिटी
7. लैण्ड होल्डर तहसीलदार गंगापुर सिटी

—प्रतिवादीगण

**दावा विभाजन एवं स्थाई निषेधाज्ञा**

मुकदमा नं. – 18/2015

**यह मुकदमा आज वास्ते इनफियाल कतई रूबरू हमारे व हाजरी** श्री रामदयाल त्रिवेदी, एडवोकेट **मिनजानिब मुद्दई** श्री दामोदरलाल गर्ग, एडवोकेट **मुद्दायलह पेश होकर, हुक्म दिया जाता है व** वादी का वाद डिक्री किया जाता है। नायब तहसीलदार तलावडा से प्राप्त विभाजन स्कीम के अनुसार पक्षकारों के मध्य निम्नप्रकार भूमि का विभाजन किया जाता है:–

1. परमा पुत्र बरधा, गुर्जर, कुनकटाकलां की खातेदारी में भूमि ख0नं0 227/1 रकबा 0.82 हैक्टर ग्राम भांवता रहेगी ।
2. ब्रह्मसिंह पुत्र रामस्वरूप, गुर्जर, कुनकटाकलां राहिन इलाहबाद बैंक शाखा गंगापुर सिटी मुर्तहन की खातेदारी में भूमि ख0नं0 272/1 रकबा 0.20 हैक्टर ग्राम भांवता रहेगी ।
3. बदरी पुत्र गिर्राज, गुर्जर, कुनकटाकलां की खातेदारी में भूमि ख0नं0 227/2 रकबा 0.05 हैक्टर, ख0नं0 272/2 रकबा 0.16 हैक्टर कुल रकबा 0.21 हैक्टर गाम भांवता रहेगी।
4. मीठया पुत्र काडया, गुर्जर, कुनकटाकलां की खातेदारी में भूमि ख0नं0 272/3 रकबा 0.21 हैक्टर ग्राम भांवता रहेगी ।
5. सुरज्या, राजू पिता भोरया, गुर्जर, कुनकटाकलां की खातेदारी में भूमि ख0नं0 272/4 रकबा 0.20 हैक्टर ग्राम भांवता रहेगी।

उपरोक्तानुसार पक्षकारों के नाम भूमि की खातेदारी दर्ज की जाकर पृथक पृथक खाते एवं पृथक पृथक लगान कायम किया जावे। इसी अनुसार राजस्व अभिलेख एवं नक्शा ट्रेस में इन्द्राज दुरूस्ती की जावे। विभाजन स्कीम निर्णय का हिस्सा रहेगी।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 12.03.2016 को जारी किया गया ।

उप जिलाकलेक्टर
गंगापुर सिटी

उप जिला कलेक्टर
गंगापुर सिटी

| मुद्दई | रूपया | पैसा | मुद्दायलह | रूपया | पैसा |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जीदावा | | | | | |
| स्टाम्प वकालतनामा | | | स्टाम्प वकालतनामा | | |
| स्टाम्प वजह सबूत | | | स्टाम्प पर्ची | | |
| महनताना वकील | | | महनतानावकील पर | | |
| खर्चा गवाहान | | | खर्चा गवाहान | | |
| फीस कमिश्नर | | | फीस कमिश्नर | | |
| बाबत इजराय | | | बाबत इजराय | | |
| हुक्मनामा | | | हुक्मनामा | | |
| मुतफर्रिक | | | मुतफर्रिक | | |
| मीजान | | | मीजान | | |